# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Contempt Petition No. 999/2023

Sudarshana Bagda Wife Of Shri Mani Bhadra Bagda

----Petitioner

Versus

Smt. Nalini Kathotia Secretary

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Ankul Gupta, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Amit Kuri, Adv.<br>Dr. Gaurav Soni, Secratary, JDA<br>Dr. Abhishek Goyal, DC, JDA<br>Ms. Nalini Kathotiya, Former Secratary, JDA<br>Mr. Virender Singh, Former, DC, JDA |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**<u>Judgment / Order</u>**

**<u>06/11/2025</u>**

आदेश दिनांक 13.10.2025 की पालना में विपक्षी क्रम–1 व 2 क्रमशः सुश्री नलिनी कठोतिया तथा श्री वीरेन्द्रसिंह भाटी उपस्थित हैं।

उपरोक्त विपक्षीगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री अमित कुडी उपस्थित हैं, परन्तु विपक्षी क्रम–1 की ओर से ही वकालतनामा प्रस्तुत हो रखा है, जबकि विपक्षी संख्या–2 की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत करने हेतु समय चाहा।

प्रार्थीगण की ओर से वर्तमान में पदस्थापित अधिकारीगण को इस याचिका में जोडे जाने हेतु आज ही आवेदन प्रस्तुत किया है, इसी प्रकार विपक्षी संख्या–1 व 2 की ओर से आदेश की पालना नहीं हो पाने के संबंध में कारण उचित बताने के अनुक्रम में आज एक आवेदन पेश किया। उपरोक्त दोनों आवेदन आज दैनिक वाद सूची में दर्शित नहीं हैं, अतः कार्यालय द्वारा आगामी पेशी पर दोनों आवेदन दैनिक वाद सूची में दर्शित किये जावें।

विपक्षी संख्या–1 व 2 का निवेदन है कि उन दोनों का जयपुर विकास प्राधिकरण से स्थानान्तरण हो चुका है तथा न्यायालय द्वारा तलब किये जाने

पर व्यक्तिगत उपस्थित रहने का आश्वासन देते हुए भविष्य में उपस्थिति से छूट प्रदान किये जाने का निवेदन किया।

इसी प्रकार जयपुर विकास प्राधिकरण के वर्तमान सचिव श्री गौरव सैनी तथा उपायुक्त डॉ0 अभिषेक गोयल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हैं तथा उनके संबंध में निवेदन रहा है कि जब कभी न्यायालय तलब करेगा, वे व्यक्तिगत उपस्थित हो जायेंगे, इस प्रकार उन्हें भी व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान किये जाने का निवेदन किया।

सम्पूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए उपस्थित सभी अधिकारीगण को भविष्य में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की जाती है।

प्रकरण दिनांक 03.12.2025 को पुनः सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

Mittal /38